हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024



# पीएम आवास योजना के लिए वार्डों में शिविर, दो दिन में मिले 267 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण 2.0 के क्रियान्वयन के लिये शहरी क्षेत्र में निवासरत कमजोर वर्ग व मध्यम वर्गीय परिवारों का स्वयं के पक्के आवास के लिए शहर के विभिन्न वार्डों में शिविर लगाकर फॉर्म भरे जा रहे हैं। लेकिन इन शिविरों में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। हितग्राही दस्तावेजों की पूर्ति करने में उलझे हुए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। जिसमें हितग्राहियों के लिए योजना की राशि में बढ़ोतरी करते हुए 2 लाख 50 रुपए कर दी गई है। लेकिन फार्म के लिए मांगे जा रहे दस्तावेजों की पूर्ति करने के लिए हितग्राहियों को भटकना पड़ रहा है। जिसके चलते आवास योजना के शिविर में हितग्राहियों की भीड़ नजर नहीं आ रही है। योजना के तहत नगर निगम परिसर में भी फॉर्म भरने के लिए स्टॉल लगाया गया है, लेकिन इस स्टाइल में भी हितग्राहियों की भीड़ नजर नहीं आ रही है।

## तीन दिन शिविर का आयोजन, 16 सेंटर में ड्यूटी लगाकर लिए जा रहे आवेदन

### ऑफलाइन के भी निर्देश

योजना के दूसरे चरण के तहत सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जाना था, लेकिन बीते शुक्रवार को प्रदेश सरकार से आदेश जारी होने के बाद अब ऑफलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं। योजना के तहत हितग्राही के परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से कम होनी चाहिए। वहीं कहीं पर भी उसके परिवार का कोई पक्का आवास नहीं होना चाहिए।



### अब लगेगा 2024 का निवास

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फेज वन में वर्ष 2014 से पूर्व निवास प्रमाण पत्र मांगा जा रहा था, तो वहीं अब इसमें राहत देते हुए आवेदक को 31 अगस्त 2024 से नगर निगम क्षेत्र में निवास का प्रमाण मांगा जा रहा है।

### योजना के चार घटक

प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण को 4 घटकों के माध्यम से लागू किया गया है। जिसमें लाभार्थी आधारित निर्माण (बी.एल.सी.), भागीदारी से किफायती आवास (ए.एच.पी.), किफायती किराया आवास (ए.आर.एच.) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) शामिल है।

### आगामी दिनों आवेदनों में होगी बढ़ोत्तरी

शहर के विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन होना है। इसमें 18 और 21 नवंबर को शिविर का आयोजन किया गया था। वहीं 27 नवम्बर को शिविर आयोजित होगा, लेकिन दो दिनों में 16 जगहों पर लगाए गए इस शिविर में महज 267 आवेदन ही प्राप्त हुए। हालांकि आने वाले दिनो में योजना के प्रचार प्रसार के बाद आवेदन करने वालों की संख्या में इजाफा देखने को मिल सकता है।

---

## भू-माफिया लगा रहे शासन को लाखों का चूना, कार्रवाई भी नहीं

# मोतीपुर से सुकुलदैहान के बीच प्लाटिंग का अवैध कारोबार, सज रही कॉलोनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में अवैध प्लाटिंग का कारोबार करने वाले भू-माफिया फिर एक बार सक्रिय हो गए हैं। खासकर मोतीपुर से सुकुलदैहान के मध्य बिना अनुमति लिए कॉलोनिया सजाई जा रही है। चिंताजनक बात यह है कि बिना किसी अप्रुवल के छोटे-छोटे टुकड़ों में ग्राहकों को जमीन बेची भी जा रही है। हालांकि अब इस मामले में नगर निगम आयुक्त से शिकायत हो गई है। जिसके बाद कार्रवाई भी देखने को मिल सकती है।

राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अंदर और आउटर के वार्डों में बिना किसी ले-आउट, डायवर्सन कराए अवैध प्लॉटिंग का खेल धड़ाधड़ चल रहा है। यह हालत शहर के किसी एक इलाके का नहीं, बल्कि एक जैसे पैटर्न पर ही कहीं सीसी तो कहीं मिट्टी-मुरूम रोड तो कहीं सीमेंट के डेढ़ से दो फीट के खूंटे गाड़-गाड़कर अवैध प्लॉटिंग का कारोबार चल रहा है। बिना ले-आउट और डायवर्सन के लोगों को अवैध रूप से प्लाट बेचकर अवैध कॉलोनाइजर करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। ऐसा ही हाल मोतीपुर से सुकुलदैहान जाने वाले रास्ते पर दिखाई दे रहा है। यहां ले-आउट, डायवर्सन कराए बिना ही अलग-अलग कॉलोनियों के रूप में 50 से 100 एकड़ तक अवैध प्लाटिंग कर सरकारी खजाने को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

### खास बातें

- बड़ी संख्या में प्लॉट की बिक्री, अब तक कार्रवाई भी नहीं
- जिन खसरों पर लगा था बैन, उसे भी बेच डाला
- शहर सरकार भी इस मामले में मौन



### रसूखदारों के इशारे पर खेल

इस पूरे गोरखधंधे में कुछ रसूखदारों के नाम भी सामने आ रहे हैं। यही नहीं कुछ नेताओं की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है कि अवैध कालोनाईजरों ने भाजपा और कांग्रेस के कुछ नेताओं को अपने सिंडीकेट में शामिल कर रखा है। यही कारण है कि प्रशासन भी कार्रवाई करने में रूचि नहीं दिखा रहा है।

### सात साल जेल का प्रवधान!

मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन एवं शर्त) नियम 1998 की धारा 15(ग) के अंतर्गत अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292(ग) के अनुसार अवैध प्लाटिंग, कॉलोनी बनाने पर आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है। उप धारा 3 के अनुसार जो कोई अवैध कॉलोनी निर्माण का अपराध करेगा या उसके लिए दुष्प्रेरण करेगा, वह कम से कम 3 और अधिकतम 7 वर्ष के कारावास से तथा न्यूनतम एक लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया जा सकेगा।

### सर्वसुविधा देने का वादा, बाद में ठग रहे

अवैध प्लाटिंग का कारोबार करने वाले भू-माफिया शहर में सर्वसुविधायुक्त कॉलोनी बसाने का सपना दिखाकर जमीन खरीदने वालों को झांसे में लेने का खेल खेल रहे हैं। कॉलोनाइजर सुंदर और सुविधायुक्त कॉलोनियों की फोटो दिखाकर जमीन की खरीदी-बिक्री करा रहे हैं। यहां तक शहर में कई कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां पर मकानों का निर्माण तो हो गया है, पर सड़कें बनी है और न ही पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण हो पाया है। शहर की तरह ही आसपास के गांवों में भी अवैध प्लाटिंग और कॉलोनी बसाने का खेल चल रहा है। ऐसे में लोगों को ठगे जाने से बचाने के लिए समय पर कार्रवाई जरूरी हो गई है।

---

## भेष बदलकर पहुंची पुलिस, 18 दिनों की मशक्कत बाद पकड़ा

# व्यापारी से 10 लाख की ऑनलाइन ठगी, बिहार से दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी नगर के प्रतिष्ठित हार्डवेयर के व्यापारी से बीते दिन सनसनी खेज तरीके से मोबाइल पर हुए 10 लाख के ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस कप्तान यशपाल सिंह के निर्देश में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। बेहद मशक्कत के बीच बिहार राज्य से ठगी के दो मुख्य आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

अंबागढ़ चौकी पुलिस के खुलासों के मुताबिक 14 अक्टूबर को प्रार्थी दीलीप गुप्ता पिता स्व. रामलाल गुप्ता 59 साल साकिन गुप्ता चौक वार्ड न 15 अंबागढ़ चौकी निवासी के द्वारा थाना में उपस्थित होकर अपने साथ मोबाइल पर ऑनलाइन 9,90,010 रूपये का ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी मोबाईल के मोबाइल नंबरों के धारक के पता तलाश किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देश तथा एडिशनल एएसपी मयंक गुर्जर के मार्गदर्शन में त्वरित रूप से टीम गठित किया गया और आरोपियों का लिंक जोड़ते हुए पता तलाश हेतु बिहार झारखड की ओर रवाना किया गया जहां आरोपी मोबाईल ठगों का पता तलाश कर थाना चन्द्रमंडी जिला जमुई बिहार पुलिस के सहोयग से ग्राम रांगाटाड में रेड मारकर ऑनलाईन ठगी करने वाले मुख्य आरोपी बिपीनदास पिता मुकेश दास उम्र 19 साल साकिन रांगाटाड थाना

⏩ शेष पेज 10 पर



### खाते सीज किए है, जांच जारी है

8 से 10 बैंक खातों को सीज किया गया है। मामले में और लोगों कि गिरफ्तारी संभव है। पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।
- अश्वनी राठौर, थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी

### कई खातों में रकम ट्रांसफर

अंबागढ़ चौकी नगर के हार्डवेयर व्यापारी दिलीप गुप्ता से 10 लाख का ठगी करने के बाद आरोपियों ने तत्काल अपने लोगों के बिहार और झारखंड के कई बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर दिया है। आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल 8 से 10 बैंक खातों को पुलिस ने सीज किया है।

**बार्डर से पकड़ा आरोपी :** बड़े रकम की ठगी के मामले में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस दो दो राज्य बिहार और झारखंड के बॉर्डर वाले इलाके में पहुंचकर 17 से 18 दिनों तक रुकते हुए भेस बदलकर बड़ी मशक्कत के बाद आरोपियों तक पहुंची। इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक राजीव तिवारी, निरीक्षक संजय यादव, सउनि ज्ञानेंद्र साहू, सउनि मनोज शुक्ला, प्रधान आर. राजेश पाटले, आरक्षक ओमप्रकाश चंन्द्रा, आरक्षक रूषाली कश्यप, ज्योति टोप्पो का विषेश योगदान रहा।

---

## संविधान दिवस पर मोटर साइकिल रैली आज

**राजनांदगांव।** बौद्ध कल्याण समिति (बौद्ध समाज) के प्रतिनिधत्व में मोटर साइकिल रैली का आयोजन कल 26 नवम्बर को किया गया है। समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रैली निकाली जायेगी। जिसमें सभी सामाजिक बंधु एकत्र होकर रैली में सम्मिलित होंगे।

संविधान रैली बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर चौक (दिग्विजय स्टेडियम) से सुबह 8 बजे प्रारंभ होकर कलेक्टर परिसर में समाप्त होगी।

उसके पश्चात बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। इस संपूर्ण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। संविधान रैली में राजू बारमाटे, शैलेश ठावरे एवं सहप्रभारी विजय रंगारी, विनोद श्रीरंगे, राहुल गजभिये उपस्थित होंगे। कांति कुमार फुले अध्यक्षता करंगे। सभी सामाजिक बंधुओं से रैली में अधिक से अधिक संख्या उपस्थित होने कहा गया है।

## मोहला-मानपुर जिले में अब आधार कार्ड में दर्ज पता बदलेगा, केसीजी में अभी और समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं व कार्यक्रमों का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में मान्य किया गया है। किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए जिला का नाम आधार कार्ड में अपडेट होना आवश्यक है। आधार पोर्टल की वेबसाइट में अब जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का नाम अद्यतन कर लिया गया है।

अविभाजित जिला राजनांदगांव के नाम पर आधार कार्ड धारित हितग्राही अब इस नए जिले के नाम आधार अपडेशन कराने के लिए अपने नजदीकी आधार सेवा केंद्र में पहुंचकर आधार अपडेट करा सकते हैं। हालांकि खैरागढ़ जिले के लोगों को अभी यह सुविधा नहीं मिली है, मिली जानकारी के अनुसार करीब महिनेभर बाद से इस जिले में एमएमसी ई-जिला प्रबंधक महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए भारत सरकार आधार प्रदाय सेवा द्वारा जिला का नाम आधार पोर्टल में दर्ज हो गया है। जिले के नागरिक अब बिना किसी परेशानी के निर्धारित शुल्क देकर जिला मोहला-मानपुर -अंबागढ़ चौकी के नाम पर आधार अपडेट करा सकते हैं। हितग्राहियों को अपने नजदीकी आधार सेवा केंद्र में अपना पुराना आधार कार्ड लेकर पहुंचना होगा। उल्लेखनीय है कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत वर्तमान में पुराना पटवारी कार्यालय भवन बांधाबाजार, तहसील कार्यालय अंबागढ़ चौकी, ग्राम पंचायत भवन आमाटोला, उप तहसील भवन वासड़ी, कलेक्ट्रेट कैंपस मोहला, तहसील कार्यालय मानपुर, ग्राम पंचायत भवन मानपुर, ग्राम पंचायत भवन खरदी, तहसील कार्यालय औंधी, डिजिटल चॉइस सेंटर मुरेटीटोला, ऑनलाइन सेंटर कोटरा, सीएससी सेंटर सीतागांव में आधार अपडेशन का कार्य किया जा रहा है।




## 30% मुनाफे का लालच देकर ठगी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धान बीज बिक्री करने पर लोगों को 30 प्रतिशत अधिक लाभ दिलाने का लालच देकर लाखों रुपयों की धोखाधड़ी करने के मामले में जेनेलिया एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मनहरण साहू निवासी झींका दाह का थाना में आवेदन प्रस्तुत किया कि वह स्वयं खाद, बीज बिक्री का कार्य करता है। उसे जेनेलिया एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बारे में कृष्णा प्रसाद मिश्रा के माध्यम से जानकारी हुआ था। जेनेलिया एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक पवन गुप्ता खैरागढ़ आकर प्रार्थी एवं उसके भाई को अपने कंपनी के बारे में बताया कि उच्च क्वालिटी का धान बीज बिक्री करते है व इनके कम्पनी के धान बीज बिक्री करने पर 30 प्रतिशत का लाभ प्राप्त होगा। आरोपी पवन गुप्ता एवं आरजू मलिक संयुक्त रूप से उक्त कंपनी का संचालन करते है, जो आवेदक से थान बीज बिक्री में लाभ कमाने का लालच देकर 525000 रूपये एडवांस मनी अपने कम्पनी के खाता में विभिन्न दिनांक को कुल रकम 525000 रूपये जमा करवाकर आवेदक से धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।




### कई लोगों से धोखाधड़ी

इसी प्रकार आरोपी के द्वारा थाना फरसगांव जिला कोंडागांव के 15-17 लोगों से धान बीज बिक्री कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर 2800000 रूपये का धोखाधड़ी किया गया है। जिस पर थाना फरसगांव में आरोपी के विरूद्ध धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। आरोपी के द्वारा ग्राम मुसरा थाना डोंगरगढ़ व देवरी बंगला जिला बालोद के डिस्टीब्युरों से भी धोखाधड़ी करने की जानकारी प्राप्त हुई है। आरोपी द्वारा लगातार जगह बदल-बदल कर आम लोगों से धान बीज बिक्री में अधिक लाभ कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी कर छल कपट पूर्वक आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है।

### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आवश्यक विवेचना कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया था। मुखबिर की सूचना पर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर निरीक्षक अनिल शर्मा थाना प्रभारी खैरागढ़ के नेतृत्व में टीम बनाकर कोरिया भेजकर आरोपी पवन गुप्ता उम्र 34 साल निवासी केलहारी थाना केलहारी जिला महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने आज 25 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## मॉय एंगल




## गणेश पर्व के साथ ही नवरात्र में भी मूर्ति विसर्जन कार्य में थी तैनाती

# मोहारा कुंड में प्रतिमा विसर्जन कार्य में लगे लोगों को नहीं मिला पारिश्रमिक, निगम दफ्तर के लग रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा गणेश पर्व और नवरात्रि के दौरान शहर में विराजित विभिन्न प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर लगभग 25 लोगों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिनके द्वारा प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रतिमा विसर्जित करने और विसर्जन के बाद अवशेष निकालने का कार्य दिया गया था, लेकिन अब तक इस कार्य में लगे लोगों को पारिश्रमिक नहीं मिल पाया है। जिसके चलते वे नगर निगम के दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं।

नगर निगम द्वारा शहर के मोहारा नदी के समीप शहर में विराजित भगवान गणेश और मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए विसर्जन कुंड बनाया गया है। इस विसर्जन कुंड में निगम द्वारा स्थानीय लोगों की ड्यूटी लगाई गई थी। इन लोगों के द्वारा प्रतिमा विसर्जन से लेकर विसर्जन के बाद प्रतिमा के अवशेष निकालने का कार्य किया गया। गणेश पर्व के बाद नवरात्रि पर्व में भी इन्हीं लोगों ने मां दुर्गा, सरस्वती और मां काली की प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन संपन्न कराया। वहीं कुंड की सफाई भी की लेकिन कार्य करने के बाद भी अब तक भुगतान नहीं होने को लेकर इन लोगों में नाराजगी है।



### किसी कर्मचारी को नहीं हुआ भुगतान

विसर्जन कार्य में लगे लोगों का कहना है कि उनका पारिश्रमिक लगभग 5 हजार रूपये बनता है। वहीं इस कार्य में लगभग 25 लोग लगे थे जिसमें से किसी को भी भुगतान नहीं हुआ है।

### आंदोलन की तैयारी

पारिश्रमिक भुगतान को लेकर नगर निगम के चक्कर काट रहे लोगों को ठोस जवाब नहीं मिलने के चलते सभी एकजुट होकर नगर निगम पहुंचकर प्रदर्शन की तैयारी भी कर रहे हैं।

### पारिश्रमिक के लिए काट रहे चक्कर

नगर निगम दफ्तर पहुंचे विजय प्रजापति ने बताया कि उन्होंने गणेश पर्व और नवरात्र के दौरान प्रतिमा विसर्जन का कार्य किया है, लेकिन अब तक उनका पारिश्रमिक नहीं मिला है। कई बार नगर निगम कार्यालय आकर अपनी अर्जी लगा चुके हैं, लेकिन भुगतान कब होगा यह नहीं बताया जा रहा है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)



- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राशय की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# अंगूठी के साथ नवयुगल ने एक दूसरे को पहनाया हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सड़कों पर होने वाले हादसों को रोकने की दिशा में लोग उपाय कर रहे हैं। कुछ सड़कों पर रेडियम पॉइंट लगा रहे हैं तो कोई जानवरों को सड़कों से हटाता है। कोई फ्री एंबुलेंस सर्विस तो फ्री दवा उपलब्ध कराता है। तमाम कोशिशों के बीच एक पारिवारिक कार्यक्रम में लोगों को एक अलग तरह का संदेश देते एक समाज सेवक नजर आया। गौरतलब है कि सगाई की रश्म में अंगूठी पहनाने का रिवाज है किन्तु एक युवक और युवती ने एक दूसरे को रिंग के साथ हेलमेट पहनकर सगाई की रश्म को पूरा किया।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम जारवाही के निवासी और ग्राम पंचायत भानपुरी में पदस्थ पंचायत सचिव बीरेन्द्र साहू की सगाई करियाटोला निवासी ज्योति साहू से होना तय हुआ है। सगाई के दौरान उन्होंने रिंग के साथ एक दूसरे को हेलमेट पहनाकर सगाई की रश्म को पूरा किया। उन्होने मौजूद लोगों से बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील किया ताकि जान सुरक्षित रहे। उल्लखनीय है कि बीरेन्द्र साहू नगर के हेलमेट संगवारी धर्मेन्द्र साहू के छोटे भाई है।

### पूरा परिवार जुटा अभियान में

घटना के बाद से श्री साहू लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने के साथ हेलमेट दान में दे रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी त्रिवेणी, भाई मोहित साहू, बहू सरिता, भाई बीरेंद्र तथा माँ कुमारी साहू भी इस पहल में सहयोग कर रहे है। श्री साहू अब तक 1 हजार से अधिक हेलमेट बांट चुके हैं। लोगों को अच्छा संदेश देने के लिए की गई इस पहल की व्यापक चर्चा है।



### दुर्घटना में गई थी पिता की जान

जानकारी के अनुसार श्री साहू के अपने पिता की सड़क दुर्घटना में मौत होने के बाद से लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने के साथ लोगों को हेलमेट दान में देते आ रहे हैं। धर्मेन्द्र साहू ने बताया कि उनके पिता का निधन सिर में चोंट लगने की वजह से हुआ था। जब यह हादसा हुआ था तब उसके पिता हेलमेट नहीं पहने थे।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने मनाया बाल दिवस

**डोंगरगढ़।** डॉ अंबेडकर आदिवासी रेजिडेंशियल आश्रम बछेराभाटा में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन कर नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य एसजी मेश्राम ने बच्चों को संबोधित किया। इस मौके पर खेल, दिमागी कौशल और बाल मेला का आयोजन किया गया। स्पर्धा में सभी बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। छात्रों ने अपनी क्षमता अनुरूप स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया।

### टटेंगा स्कूल में द्वितीय मॉक टेस्ट आयोजित



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में परख अंतर्गत द्वितीय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें 42 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने प्रोजेक्टर में दिखाए प्रश्नों का उत्तर ओएमआर शीट में भरा। इस अवसर पर प्राचार्य आरके देवांगन, परीक्षा प्रभारी अजय पाठक, पवन सिन्हा, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, सुरेंद्र नेताम उपस्थित थे।

## एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई करने की मांग

# ग्लेजी यूनिट की जमीन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लगातार शिकायत करने के बाद भी निर्माणाधीन ग्लेजी यूनिट की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाने के बाद गुस्साए कुंभकार समाज के लोग सोमवार को एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार झरना राजपूत को ज्ञापन सौंपा। सामाजिकजन अब इस मामले को लेकर आरपार लड़ाई के मूड में आ गए है।

उल्लेखनीय है कि शहर में निवासरत करीब डेढ़ सौ कुंभकार समाज के परिवारों को आधुनिक तकनीक से मिट्टी के सामान बनाने का प्रशिक्षण देने सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह की अनुशंसा से तत्कालीन मुख्यमंत्री डां. रमनसिंह ने ग्लेजी यूनिट निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया था। इसके लिए राशि भी मंजूर कर बीटीआई के पास करीब दो एकड़ जमीन आबंटित कर दिया गया था। टेंडर प्रक्रिया के बाद काम शुरू नहीं होने और सरकार बदलने के बाद राशि को वापस मंगवा लिया गया था। नई स्वीकृति मिलने के बाद आबंटित जमीन पर यह कहते हुए गार्डन का निर्माण कर दिया गया कि ग्लेजी यूनिट के लिए दूसरे स्थान पर जमीन मुहैया कराया जाएगा। प्रशासन ने कालेज के पास जमीन तो मुहैया कराया है किन्तु दो एकड़ जमीन छीनने के बाद करीब 70 डिसमिल जमीन दिया गया है।

## कार्रवाई करने से परहेज कर रहा राजस्व विभाग

### आंदोलन की चेतावनी

पूर्व पार्षद हेमंत चोपड़ा, रौशन यद्ध, प्रफुल्ल जैन राजा के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे कुंभकार समाज के लोगों ने नायब तहसीलदार झरना राजपूत को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस मौके पर मनोहर पांडे, दुलेशकुमार, नंदलाल, बालमुकुंद, एमन, दुर्गेश, परस, ठगेश्वर, सावनकुमार, निर्मल, संतूराम, बसंत पांडे, गुलशन, गोविंद, गोजू, महेश, रमेश, मंगलू, वासुदेव, राकेश, रामजी, घनश्याम, निरेश, बाबूलाल, गोपाल, सुरेश, रामकुमार, संतोष, कन्हैया, अजय, मनोज, टुमेश आदि सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे।



### दलालों के आगे विभाग नतमस्तक

लूट खसोट और बेजा वसूली के चलते राजस्व विभाग इन दिनों पूरी तरह जमीन दलालों के चंगुल में आ गया है। जमीन दलाल जो चाहते है वहीं होता है बाकी काम के लिए आम लोगों को सैकड़ों चक्कर काटना पड़ता है। जानकारी के अनुसार कालेज के आसपास स्थिति वन और राजस्व विभाग की जमीन पर लोग न सिर्फ अतिक्रमण कर रहे हैं बल्कि 100 रूपए के स्टाम्प पेपर में लिखा पढी कर बेच भी रहे हैं। हैरानी वाली बात यह है कि सब कुछ गलत होने के बाद भी इन जमीनों का नगर पंचायत द्वारा नामांतरण भी कर दिया जा रहा है।

### कार्रवाई की जाएगी

कुंभकार समाज ने ग्लेजी यूनिट की जमीन पर अतिक्रमण करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। मामले की जांच कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया जाएगा। - **झरना राजपूत,** नायब तहसीलदार

### जमीन पर अतिक्रमण

ग्लेजी यूनिट निर्माण के लिए माटी कला बोर्ड को आबंटित जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया गया है। सामाजिकजनों की शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने दो तीन बार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया भी किन्तु अतिक्रमणकारियों को बाद जनप्रतिनिधियों का संरक्षण मिलने पर नए सिरे से निर्माण कर लिया। गौरतलब है कि आदिवासी समाज को आबंटित जमीन पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है जिसकी भी कलेक्टर से लेकर प्रभारी मंत्री तक शिकायत होने के बाद भी राजस्व विभाग कार्रवाई करने से गुरेज कर रहा है। इसी प्रकार गैस एजेंसी के सामने गोड़ आदिवासी समाज की जमीन पर एक को पट्टा दे दिया गया था। पट्टाधारी ने निर्माण भी शुरू कर दिया था जिसे बाद तोड़ा गया।

# संगठन चुनाव कराने प्रभारियों की नियुक्ति

**डोंगरगढ़।** संगठन चुनाव को लेकर 24 वार्ड के बूथ प्रभारियों ने बूथ अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी शुरू कर दिया है। जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने पदाधिकारियों और नेताओं के साथ बैठककर पूर्व सहयोगी एवं सहसहयोगी की सूची जारी किया है। विभिन्न शक्ति केन्द्र में नियुक्त सहयोगी, सह सहयोगी, प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक क्रमशः इस प्रकार है। शक्ति केन्द्र क्रमांक 1 में महेन्द्र अग्रवाल, अमित यादव, तुलसी मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, नागेन्द्र परिहार, शक्ति केन्द्र 2 में प्रकाश चौरडिया, बिरेन्द्र सोनी, प्रदीप बाघ, सत्यप्रकाश मिश्रा, सौमित्र, शक्ति केन्द्र 3 में हरविंदर एस. मंगे, डी.एकेस राव, विनोद खांडेकर, कमलेश काले, रवि रंजन मंडल, शक्ति केन्द्र 4 में शशिकांत द्विवेदी, प्रिंस कक्कड़, विजेन्द्र ठाकुर, लक्ष्मी यादव, मुकेश रामटेके, शक्ति केन्द्र 5 में कुलवंत कक्कड़, भागवत नामदेव, सुरेन्दर सिंग बन्नोआना, अमित छाबड़ा, राकेश अग्रवाल, शक्ति केन्द्र 6 में महेन्द्र भाई पटेल, अमित बोस, लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, रमन डोंगरे, अचलासिंग ठाकुर है। इनके नेतृव में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# खरीदी केन्द्रों में धान जाम, बारदाना संकट भी

## परिवहन एवं बारदाना आपूर्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

किसानो का धान समर्थन मूल्य खरीदी शुरू हुए केवल दस दिन हुए हैं और खरीदी केन्द्रों में बफर लिमिट का धान स्टाक हो गया है। एक तरफ मिलर्स हड़ताल पर हैं तो परिवहन भी ठप है। उपार्जन केन्द्रों में धान का स्टाक अधिक होने से रखरखाव की समस्या दिखाई देने लगी है।

ज्ञात हो कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी गत 14 नवम्बर से शुरू हुई है। सभी केन्द्रों में निर्धारित लिमिट के आधार पर खरीदी हो रही है। धान खरीदी की शुरूवात से ही बंपर धान की आवक होने से केन्द्रों में भंडारण की समस्या खड़ी होने लगी है। विभाग द्वारा जारी टोकन ऐप से किसान आगामी सप्ताह के लिए टोकन स्वयं हासिल कर रहे हैं। नया टोकन जारी होने के पहले दिन ही सभी पांच दिन का टोकन एक ही दिन में काट लिया जा रहा है। वही बडे रकबे वाले किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं।



### सुधार के लिए भटक रहे किसान

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बहुत से किसानों के धान बेचने के रकबा में त्रुटि है जिसके सुधार के लिए किसान केन्द्र और ब्लाक कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। किसानों ने बताया की एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी रकबा में सुधार नहीं हो सका है जिससे वह धान नहीं बेच पा रहे हैं।

### बरदाना संकट से जूझेंगे किसान

राइस मिलर्स की हड़ताल के चलते केन्द्रों में पर्याप्त बारदाना नहीं पहुंच रहा है जिससे उपार्जन केन्द्र में बारदाने की किल्लत होने लगी है। केन्द्रों में अगामी दो तीन दिन में पुराना बारदाना का स्टाक समाप्त होने के कगार पर है। सरकार ने किसानों के बारदाना पर धान खरीदी कर 25 रूपए की दर से भुगतान करने का फरमान जारी किया है। फरमान के बाद इधर बाजार में भी बारदाने को लेकर हड़कंप मचने लगा है। बारदाने का दाम भी बढ़ने की खबर है।

### सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती का आयोजन

**डोंगरगढ़।** पांडादाह में डड़सेना कलार समाज ने सहस्त्रबाहु जयंती के मौके पर कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सामाजिकजनों को संबोधित कियास।

उन्होंने सभी से एकजुट होकर आगे बढ़ने कहा ताकि समाज को एक नई उंचाई पर ले सके। उन्होंने कहा कि माता बहादुर कलारिन ने हमेशा नारी उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने लार समाज के भवन के लिए 6.50 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम में समाज के जिला अध्यक्ष दीनदयाल सिन्हा, कोमल साहू, सुरेश सिन्हा, सरपंच सरिता यद्धु, भीखम सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, कुंभलाल सिन्हा, भगवतीप्रसाद सिन्हा, उदय सिन्हा, बिसौहा सिन्हा, दलेश्वर सिन्हा, गुमान सिन्हा, श्रीकेस सिन्हा, देवकांत यद्धु, महेंद्र जंघेल, मुकेश श्रीवास्तव, घासीदास यादव आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202409093100009**

विषयः- ब-121 सनः- 2023-2024

**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

गाताटोला प.ह.न. 00006 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार -हेमंत यारदा,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत यारदा आ० मोहनसिंह निवासी ग्राम गाताटोला पटवारी हल्का नं0 06 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर राधाबाई पति मोहनसिंह की मृत्यु दिनांक 18/07/1999 को ग्राम गाताटोला में होने के कारण राधाबाई की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, चालान क्रमांक 66110924001991, शपथ पत्र के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 15.10.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर व पद से आज दिनांक 30.09.2024 को न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार**
**डोंगरगांव**




# 20 पौवा शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी आशीष कुंजाम के आदेश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के निर्देश में पुलिस द्वारा लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, तस्करों, सटोरियों एवं अन्य पर निगरानी रखकर कार्यवाई किया जा रहा है।

इसी कड़ी में 24 नवंबर को पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिला कि हरिचंद मंडावी नामक व्यक्ति चिचोला रोड विश्राम वर्मा के फार्म हाउस के पास अवैध शराब रखकर ग्राहक तलाश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर आरोपी हरिचंद मंडावी पिता राम दयाल मंडावी निवासी कल्याणपुर के पास से 20 नग पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब बराकद किया।

आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी एक्ट के कई मामले दर्ज है।

### सामान्य ज्ञान स्पर्धा आयोजित

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी के संरक्षण एवं प्रभारी प्राचार्य संजय देवांगन के मार्गदर्शन में सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परीक्षा में छत्तीसगढ़, विज्ञान, गणित, अंग्रेजी से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस परीक्षा में प्रथम तृतीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को संस्था में प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किया जाएगा तथा शुल्क में छूट दी जाएगी।



## आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

# अधिकार और कर्तव्य का बोध कराता है संविधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



भारतीय संविधान से लोगों को जागरूक करने, उसके महत्व से अवगत कराने और आंबेडकर के विचारों का प्रचार करने के उद्देश्य से 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। कल 26 नवंबर को भी संविधान दिवस मनाया जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र रामटेके ने बताया कि लोकतांत्रिक राष्ट्र में संविधान ही नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को तय करता है। संविधान देश की शासन प्रणाली को चलाने के लिए बनाया गया एक दस्तावेज होता है। आजादी के बाद भारत ने भी संविधान को अपनाया जिसके लिए कई देशों के संविधानों का अध्ययन किया गया और उनमें से अच्छे कानूनों को निकालकर भारत का संविधान बनाया गया। उन्होंने बताया कि 2015 में संविधान वेत्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती थी। उन्हे श्रद्धांजलि देने के लिए इसी वर्ष संविधान दिवस मनाने का फैसला किया गया।

इस दिन को मनाने का मकसद संविधान के महत्व और डा. भीमराव आंबेडकर के विचारों को फैलाना था। गौरजलब है कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था। उन्होंने बताया कि संविधान को तैयार करने में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन का वक्त लगा था। संविधान को आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

### निर्माण का श्रेय डॉ. आंबेडकर को

बाबा साहेब संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है। संविधान सभा में 299 सदस्य थे और डॉ. राजेंद्र प्रसाद इसके अध्यक्ष थे। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जिसमें 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां और 25 भाग हैं। संविधान में मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी जिक्र है। संविधान का ड्राफ्ट बनाने के लिए प्रारूप समिति ने मई 1947 में संविधान सभा के सामने मसौदा पेश किया था। इस ड्राफ्ट में 7,500 से ज्यादा संशोधन सुझाए गए, जिनमें से लगभग 2500 को स्वीकार किया गया। संविधान सभा का मसौदा तैयार करने के लिए 7 सदस्यों की ड्राफ्टिंग कमेटी बनाई गई थी।



## खबर संक्षेप

### एमसीएमसी समिति गठित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिसर डोंगरगढ़ एवं नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया व लाल बहादुर नगर के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन व्यय (मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति गठन एवं दत्त मूल्य समाचार विनियमन) अंतर्गत जिला स्तरीय प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) का गठन किया है। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल अध्यक्ष, उप संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक सदस्य सचिव तथा समाचार पत्र के प्रतिनिधि सचिन अग्रहरि सदस्य है।

### स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम व उप निर्वाचन 2024-25 के लिए स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरषाभ क्रमांक 07744-227628 है। डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव को कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही कंट्रोल में तीन पालियों कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कार्यालय राज्य कर सहायक आयुक्त राजनांदगांव के सहायक ग्रेड-3 संतोष कुमार खडग़ी की सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक, कार्यालय जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के सहायक ग्रेड-3 लोकेश्वर साहू की दोपहर 2 बजे से शाम 8 बजे तक एवं कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजनांदगांव के सहायक ग्रेड-3 कृष्णकांत ठाकुर की शाम 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारियों को स्थानीय निर्वाचन जिला कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में निर्धारित समयानुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### निवेश की राशि लौटाने सहारा रिफण्ड पोर्टल लांच

**राजनांदगांव।** सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों को निवेश की राशि लौटाने के लिए सहारा रिफण्ड पोर्टल लांच किया गया है। निवेशक स्वयं अथवा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से पोर्टल में अपना पंजीयन कर निवेश राशि की वापसी के लिए दावा प्रस्तुत कर सकते है।

ग्राम ढारा, मुसरा, पटपर,आलीवारा में की गई छापामार कार्रवाई

# छापामार कार्रवाई में कोचियों का 473 कट्टा अवैध धान जब्त

## जब्ती की कार्रवाई से कोचियो में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

एक के बाद एक आधा दर्जन ट्रेडर्स सहित धान कोचियों पर राजस्व, मंडी सहित खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध धान को रंगे हाथ पकड़कर जप्ती की कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है तो दूसरी ओर इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के ट्रेडर्स संचालकों सहित धान कोचियों में हड़कंप मच गया है।

जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के मार्ग निर्देशन राजस्व अमला, कृषि उपज मंडी व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्र के ट्रेडर्स कंपनी के स्टॉक के पंजी की लगातार जाँच की जा रही है वहीं बाहर से आए धान पर कोचियों पर निगरानी रखी जा रही है और अवैध धान की जप्ती बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में अवैध धान के रोकथाम के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत संयुक्त टीम को लगभग आधा दर्जन कोचियों से 473 कट्टा अवैध धान पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।

उक्त कार्यवाही के दौरान तहसीलदार मुकेश ठाकुर, कमल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा, मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर उपस्थित रहे।



### खपाने की फिराक में था

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नवम्बर को दुर्गाप्रसाद साहू पिता कार्तिक राम उम्र लगभग 54 वर्ष जो कि धान कोचिया का कार्य करता है और सूचना मिली थी यह बाहर से धान मंगाकर स्टॉक में रख सोसाईटी में खपाने के फिराक में था और मौका स्थल पर छापेमार कार्यवाही में गोदाम से 48 कट्टटा धान जप्त किया गया। इसी प्रकार 22 नवम्बर को चावड़ा ट्रेडर्स संचालक बलराम चावड़ा निवासी के यहाँ स्टॉक पंजी मिलाने पर 88 कट्टटा धान अधिक पाया गया और जिसका कोई वैध दस्तावेज पूछने पर कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर जप्ती कार्यवाही की गई।

### स्टाक पंजी से अधिक मात्रा में मिला

उसी प्रकार ग्राम ढारा निवासी योगेश्वर दास वैष्णव पिता कन्हैया दास के यहां पर स्टॉक पंजी मिलाने पर 88 कट्टा धान स्टॉक मात्रा से अधिक पाया गया, वहीं अग्रवाल ट्रेडर्स संचालक भागचंद अग्रवाल पिता राधेश्याम निवासी ग्राम मुसरा के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान 87 कट्टा धान स्टॉक मात्रा से अधिक पाया गया। चौकानें वाली बात है कि क्षेत्र निरीक्षण के दौरान ग्राम आलीवारा के धान कोचिया डकेश वर्मा पिता शादीराम वर्मा के निवास से 45 कट्टा अवैध धान रंगे हाथ पकड़ा गया और धान के बारे में पूछताछ करने पर कोई संतुष्टपूर्ण जवाब प्राप्त नहीं हुआ जिसकी जप्ती बनाई गई। ग्राम ढारा निवासी अग्रवाल ट्रेडर्स चतुर्भुज अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल के गोदाम में स्टॉक पंजी मिलाने पर 100 45 कट्टा धान अधिक पाया गया। सभी प्रकरणों में अवैध धान के कट्टे की विधिवत जप्ती बनाकर धारा 23 एवं 19/4 के तहत मंडी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही प्रतिपादित की गई है, वहीं एसडीएम मनोज मरकाम से चर्चा करने पर बताया गया कि अवैध धान के तहत चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी रहेगा।

# संगीत विवि में आज होगा तानसेन संगीत समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

तानसेन शताब्दी समारोह के अंतर्गत राष्ट्रीय ''आगाज'' श्रृंखला के तहत मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 26 नवंबर को विश्वविद्यालय के परिसर क्र. 2 स्थित नरेन्द्रदेव प्रेक्षागृह में तानसेन संगीत समारोह 2024 का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यनारायण राठौर (आईएएस) संरक्षक एवं कुलपति इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, शिव शेखर शुक्ल प्रधान सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन, प्रेम कुमार पटेल कुलसचिव इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ व डॉ. लिकेश्वर वर्मा कार्यक्रम संयोजक इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ उपस्थित होंगे। संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि संध्याकालीन संगीत सभाओं के पूर्व दोपहर 12 बजे से तानसेन केन्द्रित संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसके बाद शाम 6 बजे पं. भुवनेश कोमकली (देवास) के द्वारा गायन की प्रस्तुति होगी जहां तबला संगत रामेन्द्र सिंह सोलंकी (भोपाल) करेंगे तथा हारमोनियम संगत श्रीकांत पीसे (नागपुर) करेंगे। पं. अरुण एवं आयुष मोरोने (इंदौर) सितार वादन की प्रस्तुति देंगे जिसमें तबला संगत पं. अरविंद आदाज (पुणे) करेंगे। अंत में पं. जयदीप घोष (कोलकाता) के द्वारा सरोद वादन की होगी जिसमें तबला संगत पार्थ सारथी मुखर्जी (भिलाई) करेंगे। ग्वालियर में संगीत सम्राट तानसेन की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले विश्वप्रसिद्ध तानसेन संगीत समारोह का यह 100वां वर्ष है। इस वर्ष संस्कृति विभाग इस प्रतिष्ठित समारोह को शताब्दी समारोह के रूप में मनाने जा रहा है। इस श्रृंखला का तीसरा आयोजन इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) में 26 नवम्बर को सायं 6 बजे से किया जा रहा है। मुख्य समारोह तानसेन समाधि स्थल, हजीरा, ग्वालियर में 14 से 19 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है।

# प्राधिकृत अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया



स्थानीय सेवा सहकारी समिति मर्यादित में नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल शामिल हुए। इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि साय सरकार के हो रहे कार्यों से किसान खुश है। सरकार किसानों को लाभ पहुंचाते हुए 31 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है। उन्होंने कहा कि टोकन में कुछ दिक्कते आ रही है जिसे जल्द ठीक कर 40 प्रतिशत टोकन आफ लाइन काटने की तैयारी की जा रही है । इस मौके पर रविंद्र वैष्णव, चंद्रिका डडसेना, अजय पटेल, संजय सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस दौरान किरण वैष्णव, सुरेंदरसिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, खिलेश्वर साहू, शेखर भरतद्वाज, पद्मभूषण साहू, शीशपाल साहू, रोहित सिन्हा, कामता साहू, राजेश्वर ध्रुवे, धन्ना यादव, मनीष जैन, पलनी स्वामी नायडू, टीकम साहू, कुंदन बडोले, नैनसिंग पटेल, कांतिलाल साहू, हनीफ कुरैशी, हिरेंद्र साहू, शिवा मिश्रा, नूतन साहू, पदम साहू, खेमचंद साहू, गजेंद्र पाल, विमला सिन्हा, संगीता यादव, मीना पुजेरी, अशोक मरकाम, बैंक मैनेजर पारसराम जुरेसिया, सहित अन्य मौजूद थे। अंत में आभार प्रदर्शन समिति प्रबंधक हुकुम ने किया।

# रिटायरमेंट के बाद भी शिक्षक का अध्यापन, अनुपम मिसाल : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ज्यादातर मामलों में शिक्षक को अपने पूरे कार्यकाल शिक्षकीय कार्य में व्यस्त माना जाता है और ज्यादातर यही दिखाई भी देता है। कार्यकाल पूरा करने के बाद पेंशनभोगी सेनि शिक्षक का तमगा लिए बचा खुचा जीवन व्यतीत करते है, लेकिन ब्लाक के विक्रमपुर में पदस्थ शिक्षक अवध राम धुर्वे ने इस प्रचलन को तोड़कर समाज और शिक्षा विभाग के लिए एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

रिटायरमेंट के बाद भी बीते छै महीनों से वो लगातार नियमित शिक्षक की तरह शाला आते है और बच्चों को शिक्षा दीक्षा दे रहे है। जिपं क्षेत्र भ्रमण के दौरान विक्रमपुर पहुंचे जिपं सभापति विप्लव साहू शैक्षणिक गतिविधि जानने समझने प्राथमिक शाला पहुंचे तो देखकर अचंभित हो गए कि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर शिक्षक घर परिवार मे समय व्यतीत करते है, लेकिन काले रंग के ब्लैक बोर्ड मे एक बुजुर्ग व्यक्ति बच्चों को कुछ लिखकर पढ़ा रहा है। वही बाजू के एक कक्षा में एक युवक भी बच्चों को शिक्षित कर रहा है।



### स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

वहां मौजूद सरपंच गणेशू वर्मा ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति इसी शाला से सेवानिवृत्त शिक्षक अवध राम धुर्वे है और बाजू के कमरे में पढ़ा रहा युवक गॉव का बेराजगार युवा है जिसके उच्च अध्ययन का बच्चों को लाभ अपने खर्च पर अवधराम धुर्वे दिला रहे है। सरपंच गणेशू वर्मा ने बताया कि अवधराम धुर्वे शिक्षा दीक्षा को लेकर सदैव सजग भाव से काम करते रहे है और रिटायरमेंट के बाद भी बच्चों को शिक्षित करने के लोभ से नही उबर पाए है। जिपं सभापति श्री साहू ने सेनि शिक्षक के शिक्षा को लेकर सेवाभाव को देखते हुए स्मृति चिंह भेंटकर बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। वही अवधराम धुर्वे ने भी कहा कि चलने फिरने की स्थिति तक वो शाला आएंगे और अपने ज्ञान का प्रकाश बच्चों को निःशुल्क देंगे।

## रक्तदान शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संयोजन में साहू सदन (बसंतपुर) राजनांदगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सत्यम ब्लड ग्रुप संयोजक चित्रांगन साहू ने रक्तदान के लिए सभी को प्रेरित किया। 26 यूनिट रक्तदान कर जागरूकता का परिचय दिया। चित्रागन साहू ने बताया कि 26 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें प्राइवेट हॉस्पिटल ब्लड बैक में भर्ती मरीजों के जरूरत पर उन्हें दिया जा रहे है। रक्तदान के लाभ पर चर्चा करते कहा कि रक्तदान कर एक ओर जहां हम किसी की जान बचाते हैं। वहीं दूसरी ओर इससे हमारी सेहत को भी अनेक लाभ होते हैं। साथ ही आत्म संतुष्टि भी मिलती है। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए डॉक्टरों की टीम की सराहना करते धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भव्य बाइक रैली का आयोजन 30 को

**राजनांदगांव।** पदुमतरा में 30 नवंबर को श्रीराम जानकी, शिव मंदिर से डुमरडीहकला तक भव्य बाइक रैली का आयोजन श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति डुमरडीहकला सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर एवं क्षेत्रवासियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को मंदिर में बैठक आयोजित कर रूपरेखा तैयार किया गया। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि 30 नवंबर को दोपहर 2 बजे आचार्य पं. युवराज पांडेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर का आगमन श्रीराम मंदिर में होगा। पूजा-अर्चना कर, बाजे-गाजे के साथ बाइक रैली के माध्यम से पदुमतरा से डुमरडीहकला तक श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य एवं अन्य धर्मप्रेमी शामिल होंगे।

# कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सर्व निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर चल रहे विकास कार्यों, निर्माण कार्यों गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर एजेंसियों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क, नेशनल हाईवे, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कारपोरेशन, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत, हाउसिंग बोर्ड, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, सेतु विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा किया।

### कार्यों का करें मूल्यांकन

कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि जिला को विकास की पंक्ति में खड़ा करने के लिए अनेकों विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है जिसके समय पर पूर्ण होने से जिले की एक अलग तस्वीर बनेगी। कलेक्टर ने हिदायत देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी अपने विभागों अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का सतत मूल्यांकन करें। उन्होंने कहा कि संबंधित निर्माण एजेंसी पर नजर रखने और निर्माण कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करने कहा। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री का उपयोग करने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में गुणवत्ता हीन निर्माण कार्यों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।



## सार समाचार

### राज्य शासन ने की अभिभाषकों की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन विधि-विधायी कार्य विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव में शासन की ओर से पैरवी करने शासकीय अभिभाषको की नियुक्ति की गई।



इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार मिश्रा को शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक की नियुक्ति की गई। अधिवक्ता राजेश खांडेकर एवं अधिवक्ता विनोद बाजपाई को अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक नियुक्त किया गया। अधिवक्ता गंगादास वैष्णव को विशेष लोक अभियोजक एक्ट्रोसिटी, अधिवक्ता अरूण कुमार गुप्ता को विशेष लोक अभियोजक को फास्ट ट्रेक कोर्ट, अधिवक्ता महेश वर्मा को विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस, अधिवक्ता संतोष रजक को विशेष लोक अभियोजक पीसी एक्ट तथा अधिवक्ता प्रिया कांकरिया को विशेष लोक अभियोजक पाक्सो फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट में नियुक्त किया गया है, जो पूर्व में शासकीय अभिभाषको का स्थान लेंगे। समस्त नवनियुक्त शासकीय अधिवक्ताओं ने जिलाधीश के समक्ष कार्यकाल ग्रहण किया।

### सांसद पांडे ने साथियों संग सुनी मन की बात



**राजनांदगांव।** देशभर के लोगों से जुड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को साथियों के साथ सुनने के लिए सांसद संतोष पांडे के कार्यालय में प्रबंध किया गया। मन की बात में देशभर के लोगों द्वारा प्रकृति से जुड़ाव व प्रकृति की बेहतरी के लिए अनेक अनुकरणीय कार्य किए जाते हैं। जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के श्रोताओं में अनुकरणीय उत्साह का संचार करते हैं। आज के मन की बात में प्रकृति प्रेम से वशीभूत लोगों के कार्य को बताया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने रात-दिन एक कर रहे इंदौर, जैसमलेर, बिहार, बैंगलोर, मैसूर के संस्थाओं की सराहना करते सभी से अपनी रूचि अनुसार कार्य करने की अपील की।

सांसद संतोष पांडे ने अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम से जुड़े, प्रकृति से जुड़कर ऐसा कार्य करें कि हमारी आने वाली पीढ़ी सुख-शांति से रह सके।

सांसद कार्यालय में आयोजित मन की बात श्रवण कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, आलोक श्रोती, खम्मन ताम्रकार, मृणाल चौबे, परदेशी सोनबोईर, विजय जैन, अरविंद बैद, भीखू हीरवानी, आर्यन साहू, प्रीति शर्मा, दीपक देवांगन, शशिकांत गंजीर, आशुतोष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर आज कई कार्यक्रम

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन और परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन भी होगा। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ एवं मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस विशेष आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का महत्व समझाना है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की उद्देशिका के सामूहिक पाठ से होगी। छात्रों के लिए निबंध लेखन एवं भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

### हर्षवीर बने एसोसिएशन के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सेजेस संविदा



शिक्षकों के अधिकार और समस्याओं को मुखरता से उठाने के लिए गठित छत्तीसगढ़ सेजेस टीचर्स एंड एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने राजनांदगांव जिले में स्थित पदुमलाल पुनालाल बख्शी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के व्याख्याता हर्षवीर वैष्णव को संघ का प्रदेश सहसचिव एवं जिला अध्यक्ष राजनांदगांव नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष विकास तिवारी जी के द्वारा सौंपी गई है।

## बिजनेस साइट

### शाकंभरी ट्रेडर्स ने मनाया गौरव दिवस



**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ में न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर डीलरशिप शाकंभरी ट्रेडर्स द्वारा सोमवार को कम्पनी के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक किसान भाईयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खैरागढ़ डीलरशिप पर आए किसानों को न्यू हॉलैंड के नोएडा स्थित मुख्य हेडक्वाटर से वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से जोड़ा गया। किसानों के लिए उपहारों और भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में कम्पनी के मुख्य अधिकारी सुनील क्षत्रिय, मनोज चौहान और राजेश कुमार की उपस्थिति में पांच ट्रैक्टर की डिलीवरी भी की गई। बलजीत शर्मा और सुनील क्षत्रिय ने इस अवसर पर बताया कि गौरव दिवस पर कंपनी ने किसानों के लिए शानदार ऑफर की पेशकश की है। 30 नवंबर तक, जो भी किसान कोई भी प्रकार का ट्रैक्टर खरीदते हैं, उन्हें एक वर्ष की सर्विस फ्री दी जाएगी। यह ऑफर पूरे छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए लागू है। इस मौके पर न्यू हॉलैंड के दमदार ट्रैक्टर, न्यू हॉलैंड 36 30 सुपर प्लस 4 व्हील ड्राइव की विशेषताएं भी किसानों के बीच चर्चा का विषय रही। बलजीत शर्मा ने बताया कि इस ट्रैक्टर की मुख्य विशेषता इवेको इंजन और कम डीजल खपत है, जिसके कारण यह किसानों के बीच लोकप्रिय हो गया है। उसकी बेहतरीन परफॉर्मेंस ने इसे खासा आकर्षक बना दिया है। न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर की विश्वसनीयता और किसानों के प्रति प्रतिबद्धता ने इसे एक लोकप्रिय ब्रांड बना दिया है, और इस प्रकार के आयोजनों से कम्पनी का किसानों के साथ रिश्ता और भी मजबूत हो रहा है।

## मेटास कंपनी के खिलाफ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# सुपरवाईजर की कार्यप्रणाली पर भड़के सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय जिला चिकित्सालय बसंतपुर में कार्यरत मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारियों और कंपनी के सुरक्षाकर्मियों का जमकर शोषण हो रहा है। कंपनी के सफाई कर्मचारियों से रहा नहीं गया तो उन्होंने संयुक्त पत्र में कंपनी के सुपरवायजर के खिलाफ कलेक्टर से नामजद शिकायत कर दी है। दूसरी तरफ जिला चिकित्सालय में कार्यरत कंपनी के सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा अपने साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने की तैयारी की जा रही है।

जिला सरकारी अस्पताल बसंतपुर में कार्यरत मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारी जागेश्वर प्रसाद, नितेश देवांगन, धनंजय दास, कविंद्र साहू, नूतन, वासुदेव यादव, शैलेंद्र कोसा, शशि बाई, सुधा मंडावी, जितेंद्र साहू, नितेश साहू, दुर्गा रजक, रोशन लाल, शिवानी रजक, आकाश, संध्या यादव, टुम्मन लाल, गौतम यादव और मधुमती मिश्रा ने संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र में कलेक्टर को बताया है कि उनके सुपरवायजर टुम्मन साहू पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए ड्यूटी लगाई जाती है। 8 से 9 घंटा ड्यूटी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पेंड्री में कार्यरत मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारी भी देते हैं। इसके बावजूद उनकी मासिक पगार 9300 और जिला सरकारी अस्पताल में कार्यरत इस कंपनी के सफाई कामगारों का मानदेय 8300 रूपए है, जिसमें विषमता है।




### दबावपूर्वक हस्ताक्षर करवाने का आरोप

इधर शिकायतकर्ताओं में से ही कुछ लोगों ने सिविल सर्जन को ज्ञापन देकर दबावपूर्वक हस्ताक्षर कराये जाने की बात कही गई है। कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि जिला चिकित्सालय में मेटास के कर्मचारियों को राजीव वर्मा के द्वारा मासिक वेतन बढ़ने एवं शासकीय नौकरी देने की बात कहकर उनसे पैसे की मांग की जाती है। वहीं कर्मचारियों ने कहा है कि सुपरवाईजर के खिलाफ शिकायत पत्र में जबरदस्ती में साईन करवाया गया है।

### कर्मियो ने कहाः आपरेशन कक्ष में संक्रमण का खतरा

कविंद्र साहू ने कहा सफाई कर्मी पूनम साहू व चन्द विजय साहू ऑपरेशन थियेटर में कई सालों से जमे हुऐ है, जबकि सफाई कर्मचारियों का आपरेशन थियेटर में कोई कार्य नहीं हैं। जानकारी के अनुसार शासकीय जिला चिकित्सालय में 30 से 35 वार्ड ब्वाय, आया आदि के रहते हुए भी ठेके पर काम करने वाली मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारियों से ऑपरेशन थिएटर में भी काम लिया जा रहा है। इस स्थिति में ऑपरेशन कक्ष में संक्रमण का खतरा बना हुआ है। वहीं कंपनी के कर्मियों से सुरक्षा ड्यूटी के अलावा मरीज को स्ट्रेचर पर लेटाकर लाने ले जाने का भी काम कराया जा रहा है, यदि इस दौरान मरीज को या चिकित्सालय के बहुमूल्य उपकरणों को कोई नुकसान पहुंचता है तो जिम्मेदार कौन होगा?

### सुपरवाईजर पर लगाया आरोप

कर्मचारियों के पैसों को लेकर गड़बड़ी सुपरवायजर ही करता है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि उक्त सुपरवायजर सफाई कर्मचारियों को सफाई के अलावा दूसरे कार्य करने के लिए विवश करता है। सुपरवायजर के रवैया से उन्हें मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है, उनके खिलाफ जिम्मेदार अधिकारियों से मौखिक शिकायत किए जाने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। शिकायत करते हुए कर्मचारियों ने कलेक्टर से सुपरवायजर तुमन साहू के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि श्रम न्यायालय और जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन को भी दिए जाने की जानकारी दी है।

# सड़क पर रखे बिल्डिंग मटेरियल पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निगम सीमांतर्गत संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुये होटलों, खोमचे, फल व सब्जी दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण, पालीथीन का उपयोग एवं सड़े गले खाद्य पदार्थो को नष्ट करने स्वास्थ्य अमला एवं शहर में निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने व मलमा मण्डप शुल्क वसूलने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम की टीम गठित की है। गठित टीम समझाईस दे रही है और अपालन पर कार्यवाही भी कर रही है।



इसी कड़ी में आज मोहारा रोड में बिल्डिंग मटेरियल रखने पर हटाने समझाईस देकर जुर्माना वसूला गया। साथ ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा सडक में मुरूम रखने पर, मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गयी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों के द्वारा अपने आवास व दुकानों के सामने सडक पर बिल्डींग मटेरियल व मलमा तथा दुकानों का समान रखकर अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है, कार्यवाही के तहत आज मोहारा में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुरुम रखने पर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गयी तथा रेती, गिट्टी आदि मटेरियल वालों को उठाने समझाईस देकर जुर्माना वसूला गया।

### जब्ती के साथ अर्थदंड भी लगाया

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील करते हुये कहा है कि मलमा सड़क पर न रखे एवं अपने दुकान का समान दुकान की सीमा में रखे, अन्यथा जप्ती करते हुये अर्थदण्ड की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने होटलो, खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने,खाद्य सामाग्री को ढककर रखने ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने एवं प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग नहीं करने की अपील की है।

# मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा पार्षदों द्वारा शहर के जिला अस्पताल के समीप मितानिन सेंटर परिसर में मितानिन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के सभी वार्डों से मितानिन बहनों को आमंत्रित किया गया था।

प्रतिवर्ष 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस दिन मितानियों के सम्मान में कोई भी आयोजन नहीं होता देख भाजपा पार्षदों द्वारा पूर्व नगर निगम अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में मितानिन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आधी रात को भी गर्भवतियों को अस्पताल तक मितानिन पहुंचाती है। क्षेत्र में होने वाले बीमारियों की रोकथाम से लेकर गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर योजनाओं के बारे में जानकारी देना, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिलाकर शिशु मृत्यु दर में मितनिनों ने कमी लाई है।

### श्रीफल देकर किया सम्मानित

राजनांदगांव शहर के 51 वार्ड में लगभग 144 मितानिन बहने हैं। जिनके सम्मान के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान मितानिन बहनों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर पार्षद शिव वर्मा, मणिभास्कर गुप्ता, विजय राय, मधु बैद, देवशरण सेन, रमेश सोनवानी, दीपक चौहान सहित अन्य भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जताया आभार

सम्मान समारोह के आयोजन में बड़ी संख्या में मितानिन शामिल हुई। इस दौरान आयोजन को लेकर मितानिन अनिता सोनवानी ने कहा कि मितानिन बहनों के सम्मान के लिए सभी का आभार है।

## पृष्ठ 7 का शेष

**व्यापारी से 10 लाख की...**

चन्द्रमंडी जिला जमुई राज्य बिहार, संदीप कुमार दास पिता स्व. फुलेश्वर दास उम्र 21 साल साकिन रांगाटाड थाना चन्द्रमंडी जिला जमुई राज्य बिहार को हिरासत में लिया गया। पुलिस के पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपीगण अपने सहयोगी रविदास के साथ में मिलकर प्रार्थी के मोबाईल को हैक करके प्रार्थी के खाता से करीबन 9,90,010 रूपये का ऑन लाईन के माध्यम से ठगी किये है। आरोपीगण एक साथ अपने अन्य सहयोगीगणों के साथ में झारखड एवं बिहार से लगे बार्डर पर सक्रिय रहकर ऑनलाईन मोबाईल के माध्यम से ठगी के अपराधों को घटित करते आ रहे हैं आरोपियों के सहयोगियों के द्वारा फर्जी तरीके से सिम जारी कर एवं ठगी किये जाने के लिए फर्जी लिंक एप बनाकर आरोपीगण को प्रदाय किया जाता था जिसके माध्यम से आरोपियों के द्वारा लोगों के नम्बरों पर भेजा जाता था और लिंक को खोलने पर खाता धारकों के मोबाईल को हैक करके मोबाईल में आने वाले बैंक से सबंधित ओटीपी को अपने मोबाईल मे फारर्वड कर साईबर के अपराध को घटित किया जाता था।

# साहू समाज के सम्मेलन में 26 यूनिट रक्तदान

**राजनांदगांव।** रक्तदान एक ऐसा अमूल्य योगदान है, जो न केवल किसी की जिंदगी को बचाता है, बल्कि समाज में जीवनदायिनी का कार्य करता है। जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संयोजन मे साहू सदन राजनांदगांव में इस संदेश के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सत्यम ब्लड ग्रुप संयोजक चित्रांगन साहू ने रक्तदान के लिए सभी को प्रेरित किया।



### दिया जागरुकता का परिचय

चित्रांगन साहू ने बताया कि 26 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के जरूरत पर मेडिकल हास्पिटल ब्लड बैंक एवं बिलासा ब्लड में भर्ती पेशेन्ट के लिए आज भेज कर ब्लड डोनेट एवं रक्तदान के लाभों पर चर्चा करते हुए कहा कि रक्तदान करके एक ओर जहां हम किसी की जान बचाते हैं, वहीं दूसरी ओर इससे हमारी सेहत को भी अनेक लाभ होते हैं। साथ ही आत्म संतुष्टि भी मिलती है। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए डाक्टरों की टीम को सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।







## खबर संक्षेप

### हमर भोरमदेव कला समिति ने चलाया जन जागरुकता अभियान

**हरिभूमि कोलेगांव।** हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक एवं संयोजक राजेंद्र पटेल के नेतृत्व में हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के कानूनी सलाहकार अधिवक्ता जीतेश तिवारी ने पं जवाहर लाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा में छात्र छात्राओं को साईबर अपराध को रोकने के लिए जन जागरूकता के बारे में विस्तृत जानकारियां दी साथ ही साथ अनजान नंबर से काल आता है तो और हमसे आधार कार्ड, ओटीपी खाता नंबर देने से बचें, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, साथ ही अपने सही दिशा में चले यदि सही दिशा में नहीं जाओगे तो सड़क दुर्घटना घट सकती। वही श्री तिवारी ने फेसबुक, इंस्टाग्राम में अनजान व्यक्ति से दोस्ती नहीं करना चाहिए विद्यार्थियों को समझाईश दी गई। हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के उपाध्यक्ष नरेश चंद्रसेन ने विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय स्वच्छता, खान पान स्वच्छता, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, घर-आंगन की स्वच्छता, धार्मिक स्थल स्वच्छता, तालाब स्वच्छता, नदी स्वच्छता, बांध एवं झरना स्वच्छता, पेड़ पौधे स्वच्छता, घरेलु वस्तु एवं पदार्थ तथा तत्व व यौगिक स्वच्छता, गली-मोहल्ला स्वच्छता, इत्यादि के साथ आयुर्वेदिक दवा जो प्राथमिक उपचार घरेलू नुस्खे के बारे में जानकारी दी गई। श्री चंद्रसेन ने सिर्फ स्वच्छता पर प्रकाश नहीं डाला वरन आयुर्वेद सम्बंधित पर प्रकाश डाला जिससे विद्यार्थियों ने उनके बताए हुए एक एक शब्द और विचार को अमल किया और अपने दैनिक जीवन में उपयोग व प्रयोग करने के लिए संकल्प लिया। इस स्वच्छता व आयुर्वेद कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थी को पेन और प्रशस्त्रि पत्र से सम्मानित किया गया।

### भाजपा मंडल पंडरिया का बूथ चुनाव संपन्न

**हरिभूमि पंडरिया।** भाजपा जिला का संगठन विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं पंडरिया भाजपा मंडल के निर्देशानुसार पंडरिया शक्ति केंद्र 2 के बूथ क्रंमाक क्रमशः 75, 76 व 79 तथा 80 में भाजपा संगठन का विस्तार करते हुए भाजपा परिवार के सदस्यों को सर्वसम्मति से मनोनीत कर बूथ चुनाव सम्पन्न कराया। जिसमें बूथ क्रं. क्रमशः 75 में बूथ अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सचिव संतोष शर्मा, बीएलओं-2 मनोज गुप्ता, युवा प्रमुख सिद्धार्थ सिंह, महिला प्रमुख श्रीमती दीप्ति गुप्ता, बूथ क्रं.76 में बूथ अध्यक्ष धर्मेन्द्र निषाद, सचिव योगेन्द्र कुम्भकार बीएलओं-2 राजकमल यादव, युवा प्रमुख अमन निषाद, महिला प्रमुख श्रीमती रेखा सिंह ठाकुर, बूथ क्रं 79 में बूथ अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव अपेन्द्र चौबे बीएलओं-2 निखिल हलवाई, युवा प्रमुख मनीष पांडेय, महिला प्रमुख श्रीमती संगीता हलवाई, बूथ क्रं 80 में अध्यक्ष मुकेश साहू, सचिव राजेश गेंदले बीएलओं-2 महेन्द्र अहिरवार, युवा प्रमुख राकेश निर्मलकर, महिला प्रमुख श्रीमती लल्ली निषाद सहित बूथ की सभी 25 सदस्यों की टीम का गठन किया गया।

### विधायक ने पंडरिया ब्लॉक के समुचित विकास के लिए बनाया रोड मैप

# भावना बोहरा ने बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में सोमवार को पंडरिया में जनपद पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्रीमती भावना बोहरा ने सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और पंडरिया के विकास को सुचारू रूप से पूरा करने और जनता की सुविधाओं हेतु रोड मैप साझा किए। साथ ही उन्होंने पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर में भी क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और विभागों के अधिकारियों से भी चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से प्रदेश का विकास फिर से शुरू हुआ है। कांग्रेस के पांच वर्ष के शासन में प्रदेश में केवल भ्रष्टाचार और घोटाले किए गए, लेकिन जब से यहां डबल इंजन की भाजपा सरकार बनी है तब से लगातार हर क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी विकास कार्यों की सौंगात जनता को लगातार मिल रही है, लेकिन इन विकास कार्यों का निर्माण पूरी गुणवत्ता, तय-समय और सही प्रक्रिया से पूर्ण हो इसके लिए हमने एक रोड मैप तैयार किया है, जिसे आज बैठक में मैनें सभी विभाग के अधिकारियों के साथ साझा किया है। यह रोड मैप शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हित, सड़कों का विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था, शासकीय योजनाओं में पारदर्शिता के साथ उसके सफल क्रियान्वयन, आदिवासी क्षेत्रों का समुचित विकास, अधोसंरचना का तेजी से निर्माण करने के साथ ही अपराध व अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में सार्थक सिद्ध होगा। बैठक में पंडरिया विधानसभा में सड़क व्यवस्था को दुरुस्त करने पर सबसे ज्यादा जोर दिया है क्योंकि इससे ही क्षेत्र की प्रगति सुनिश्चित होगी, इसके साथ ही सड़कों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण को प्राथमिकता से पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है ताकि आम नागरिको को असुविधाओं का सामना न करना पड़े। पंडरिया शहर की जनता द्वारा बॉयपास बनाने की बहुप्रतीक्षित मांग भी अब अपना आकार ले रही है, जिसके निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसके लिए हम लगातार उसका निरीक्षण व ठेकेदारों को सचेत करते रहेंगे। इससे नगरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण व मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अलावा पंडरी-महली-कुण्डा रोड, कुण्डा-दामापुर रोड, बोड़तरा-कुम्ही रोड, घोरपेंड्री-बसनी रोड, कापादाह बॉयपास एवं बोड़तरा खुर्द-कुम्ही रोड के मरम्मत कार्य को जल्द पूर्ण करने की बात कही है। इसके साथ पंडरिया, पाण्डातराई सहित विभिन्न क्षेत्रों में जहां सड़कों की समस्या है उसे जल्द दूर करने की बात मैनें कही है। वहीं पीएम जनमन योजना के तहत आवास निर्माण कार्यों के ऑडिट तथा पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवास निर्माण के लिए लाभार्थियों को तय समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करने के सन्दर्भ में भी चर्चा की।

### विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की



विधायक ने बताया की इसके साथ ही आदिवासी बालिका छात्रावास को स्थानांतरित करने, शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं रिक्त पदों को भरने, धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए बारदाने और उनकी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था, तहसील में लंबित कार्यों को पूरा करने शिविरों का आयोजन, पाण्डातराई नगर में आबादी पट्टा हेतु सीमांकन एवं सर्वे कार्य, ग्राम रेंगाबोड़ और अंधियारखोर में जमीन अधिग्रहण का मुआवजा जल्द देने, विधायक निधि से पंचायतों में बनने वाले पुस्तकालयों की निर्माण की स्थिति, पीडीएस दुकानों में राशन वितरण, बिजली व स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध करोबार करने वालों पर त्वरित कार्यवाही जैसे सभी विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की है। हमारा उद्धेश्य पारदर्शी तरीके से जनता की सुविधाओं के लिए कार्य करना है, जिससे क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके।

# गुरुकुल स्कूल के छात्राओं ने प्राइवेट स्कूल संघ में आयोजित प्रतियोगिता में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद व नृत्य प्रतियोगिता कबीरधाम प्राईवेट स्कूल संघ द्वारा विविध प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। जिसमें जिले के 75 से अधिक प्राईवेट स्कूल के लगभग 3000 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी सहभागिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का अथक भागीरथ प्रयास किए।

जिसमें 100 मीटर जुनियर दौड़ प्रतियोगिता में वीरेन्द्र कोसरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, माध्यमिक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता 200 मीटर में गुड्डू राम प्रथम तथा उच्चत्तर माध्यमिक की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में श्रीहरि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं माध्यमिक वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम श्रृष्टि कोसरे, तृतीय मयंक साहू, उच्चतर माध्यमिक में सूर्यांश कोसरे ने प्रथम, उच्चतर माध्यमिक वर्ग में कबड्डी बालक की टीम प्रथम माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, बालिका की टीम खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन विविध प्रतियोगिताओं के तीनो वर्ग (प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक) में गुरूकुल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने सभी को पछाड़ते हुए लगभग 10 खेलों में परचम लहराकर गुरूकुल स्कूल परिवार को गौरवान्वित किए। इस महती उपलब्धि का श्रेय शाला के क्रीड़ाध्यापकों द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को तलाशकर तरासने का भागीरथ प्रयास अनवरत चलता रहता है, इसी का प्रतिफल है इस महती उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण व शाला के प्रभारी प्राचार्य ने सभी को शुभकामनाएं दी।

## स्कूली छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रौचन के स्कूली छात्र छात्राओं को शुक्रवार को पालक व शैक्षिक स्टॉफ बिलासपुर जिले के मनोरम स्थलों के भ्रमण पर निकले। जिसमें प्रधान पाठक नकुल वर्मा के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम छात्र छात्राएं प्रातः ग्राम रौचन से जियोलॉजिक पार्क कानन-पेंडारी की ओर प्रस्थान किए। सुभाष कोसरिया के नेतृत्व में स्कूली विद्यार्थियों ने हिरणों की विविध प्रजातियों के विषय मे जाना साथ ही कृत्रिम रूप से निर्मित पर्यावास में कोटरी, हिरण, बारहसिंघे भ्रमण और खेल खेलते दिखे साथ ही साथ विद्यार्थियों ने बाघ, शेर, सफेद बाघ की दहाड़ों को सुनकर उनके पर्यावास को समझा बच्चों ने राजकीय पशु जंगली भैंसा के परिवार को भी सचेत अवस्था में देखा, भानू राजपूत ने शुतुरमुर्ग के विषय मे बताया कि यह विश्व का सबसे बड़े आकार का और न उड़ पाने वाला पक्षी है साथ ही यह बहुत तेज दौड़ता है जिसे देख बच्चे अचंभित रह गए, छात्र छात्राओं ने मगरमच्छ, चीता, लंगूर जैसे बहुत से जंगली जानवर देखे जिसमें हिप्पो, दरियाई घोड़े के वृहद आकार एवं अनूठे गुलाबी रंग ने बच्चो को आकर्षित किया। पार्क के अन्तिम छोर में बच्चो ने तितली गार्डन, पक्षी विहार व विभिन्न सर्पों को देखा साथ ही प्रसिद्ध खूंटा घाट बांध का भी लुप्त उठाया। अंततः सायं काल सभी अपनी यात्रा के अंतिम स्थल मां महामाया रतनपुर मंदिर में अपनी श्रद्धा अनुरूप बच्चों ने मां महामाया को श्रीफल, पुष्प प्रसाद भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिस पर ग्राम सरपंच प्रतिनिधि रमेश पटेल, सदस्य खेमूराम यादव, शिक्षक प्रेमराज सिंह, उमा देवी ठाकुर, खिलेंद्र साहू सहित प्रधान पाठिका लेखा धुर्वे ने बच्चो की इस यात्रा को सफल बनाने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीनियर सिटीजन समिति ने किया कंबल व साड़ी वितरित

### बैगा जनजाति की पुरुष-महिलाओं को किया कंबल व साड़ी वितरण



- सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा ने सभी समिति का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के सदस्यों ने अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करते हुए प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी वनांचल क्षेत्रांतर्गत जरूरतमंदों बैगा आदिवासी परिवार को कंबल व साड़ी वितरण किया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को बोड़ला विकासखंड अंतर्गत सिंघारी व आसपास क्षेत्र जिसमें ग्राम गांगचुआ में समाज सेवा कार्य के अंतर्गत वनांचल ग्राम छुईहा, बीजापानी, गांगी डबरी, सिंघारी, गांगचुआ के शत-प्रतिशत बैगा जनजाति की पुरुष-महिलाओं को 140 कंबल व 100 साड़ियां तथा ग्रेसियस नर्सिंग कॉलेज की ओर से कक्षा 9वी-10वी के आदिवासी बालकों को 50 सेट ड्रेस के साथ ही नेकी की दीवार के अंतर्गत शाल समिति सदस्यों द्वारा वितरित किया गया।

विगत एक दशक से सीनियर सिटीजन समिति कंबल, साड़ियां तथा कपड़े वितरण का कार्य जिले के अलग-अलग वनांचल ग्रामों में जाकर करती आ रही है। इस दौरान मदन तंबोली, चंद्रहास ठाकुर, बलदाऊ सोनी, सुखीराम चंद्रवंशी के नेतृत्व एवं प्रकाश गुप्ता, आरके पांडेय, एसएस जैन तथा रोशन पाटिल के संयोजन में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किए। इस वितरण कार्यक्रम के दौरान संचालन आदित्य श्रीवास्तव, अश्वनी पांडेय ने किया साथ ही साथ पुलिस चौकी सिंघारी के पुलिस टीम पूरे समय पेट्रोलिंग वाहन के साथ अपना सहयोग दिया। छात्रावास की साफ सफाई व्यवस्था, हरित परिषर को देखकर सभी प्रसन्न हो गए और बच्चों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद साथ ही ग्राम पंच कसेर सिंह बैगा, प्राथमिक स्कूल समिति शिक्षक गांगचुआ को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कंबल व साड़ी की व्यवस्था सदस्यों की सहयोग राशि के साथ साथ मां काली मंदिर समिति, मां विंध्यवासिनी मंदिर समिति, शिक्षक कॉलोनी समिति, ग्रेसियस नर्सिंग कॉलेज तथा नगर के दानदाताओं के मुक्तहस्त दान से हुआ। जिस पर सीनियर सिटीजन समिति ने सभी समिति का आभार व्यक्त किया।

## जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल के छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि कबीरधाम प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 40 स्कूल ने भाग लिया, इस आयोजन में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी शिरकत कर न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई अपितु पूरे दमखम के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी कड़ी में प्राथमिक वर्ग बालक कुर्सी दौड़ में कक्षा 5वीं के छात्र नेतराम लहरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं माध्यमिक वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं के छात्र खुलनिंग विटकर मारिंग ने प्रथम स्थान प्राप्त साथ ही साथ उच्चतर माध्यमिक वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका में कक्षा नौवी के छात्र आदित्य राजपूत एवं छात्रा साक्षी चन्द्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं उच्चतर माध्यमिक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 200 मीटर दौड़ में कक्षा 11वीं के छात्र शुभम यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया। सभी विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद का भी बहुत महत्व है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी व राशि देकर किया सम्मानित

# राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

24वी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन कवर्धा के शासकीय आचार्य पंथ श्री गृंथ मुनि नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में 22 से 24 नवम्बर तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ वही प्रतियोगिता का समापन राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कबीरधाम कबड्डी संघ अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 60 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमे 32 बालक वर्ग और 28 बालिका वर्ग की टीमें शामिल थें। जिसमे से बालक वर्ग में बिलासपुर ने प्रथम व महासमुंद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वही बालिका वर्ग में बिलासपुर एसटीसी ने प्रथम व बिलासपुर जिला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस समापन समारोह मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने विजेता टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। उन्होने कबड्डी प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं, जिला स्तर पर स्टेडियम व मिनी स्टेडियम बने हैं।

इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनो वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 10 हजार रूपए एवं ट्राफी तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 75 सौ रूपए एवं ट्राफी देख सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, अनिल ठाकुर, परेटन वर्मा, नितेश अग्रवाल, जसविंदर बग्गा, शशि बघेल, सहित कबड्डी संघ के सदस्य गण उपस्थित थें।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ग्राम चिल्फी में स्वास्थ्य शिविर,155 लाभान्वित

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश तथा कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर आज सुदूर वनाचल क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिल्फी में गर्भवती महिलाओं और अन्य विशेषज्ञ स्त्री रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ नेत्र जांच नाक, कान, गला जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर और निशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 155 लोग लाभान्वित हुए। शिविर में 65 गर्भवती महिलाओं का निशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया। शिविर में आए सभी प्रकार के मरीजों की जानकारी सीएमएचओ डॉ. बीएल राज, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव और बीएमओ डॉ. विवेक चंद्रवंशी ने ली। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्राम बोक्करखान, महलीघाट, आमापानी, झलमला, बोड़लपान, शीतलपानी आसपास के गांवों से चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को 102 महतारी वाहन और पुलिस विभाग के माध्यम से शिविर तक लाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित महिलाओं को शिविर में शामिल कर उनके स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई।

### ग्राम सरपंच ने बच्चों को बांटे जूता मोजा

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर के बच्चों को ग्राम सरपंच मोहन राडेकर प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल की उपस्थिति मे अध्ययनरत गरीब परिवार के 10 बच्चों को जूता और मोजा प्रदान किया गया। जूता मोजा पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ रामाधार साहू, पुलक राम साहू,नम्रता श्रीवास्तव, नीलिमा सिरदार, मंजू शर्मा उपस्थित थे। प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल ने सरपंच मोहन राडेकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को नया बारदाना देने की कलेक्टर से मांग

- भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए प्रशासन द्वारा किसानो को पुराने बारदाने लाने का फरमान किसानो को जारी किया गया जो किसानो को जरा भी रास नहीं आ रहा है। किसानो की माने तो इसमें उन्हे न सिर्फ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है बल्कि कई अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। किसानो की इस समस्या को लेकर सोमवार को भारतीय किसान संघ ने जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से भी मुलाकात की है और उन्हें किसानो की समस्याओं से अवगत कराया है। जिसे दूर करने का भरोसा कलेक्टर ने दिया है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से चर्चा करते हुए कहा है कि शासन ने जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में नए बारदाना उपलब्ध कराए गए है। जिससे आगामी तीस दिनो की धान खरीदी की जा सकती है। उसके बाद भी किसानो को पुराने बारदाना लाने के लिए कहा जा रहा है जो पूरी तरह से अनुचित है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा एक पुराने बारदाना का मूल्य 25 रूपए निर्धारित किया गया है जबकि बाजार में बुराना बारदाना 35 से 40 रूपए में मिल रहा है ऐसे में किसानो को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है साथ ही बाजार में मिलने वाले पुराने बारदाना फटे होते हैं जिनकी मरम्मत करने में किसानो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि किसानो की खरीदी शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए नए बारदानों में ही जाए। जिस पर कलेक्टर ने संघ को व्यवस्था सुधारने का भरोसा दिया है। चर्चा के दौरान संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला मंत्री जीवन यादव, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, जिला कोषाध्यक्ष द्वारिका चंद्रवंशी, जिला सहमंत्री रूपेंद्र तिलकवार, जिला उपाध्यक्ष अदिति कश्यप, जिला कार्यकारणीय सदस्य मनहरन कौशिक, केदार साहू, भोला चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, तहसील अध्यक्ष लोहारा मूलचंद साहू, बोड़ला तहसील अध्यक्ष पंकज वर्मा, पंडरिया तहसील अध्यक्ष भागवत चंद्राकर, बोड़ला तहसील मंत्री कैलाश चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### भारतीय किसान संघ का प्रदर्शन आज



भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने बताया कि भारतीय किसान संघ द्वारा पूर्व में इस विषय को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा की गई थी तथा मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा से किसानों को शत् प्रतिशत नया बारदाना देने की मांग की गई थी। लेकिन अभी तक शासन के द्वारा इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। भारतीय किसान संघ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों से बारदाना लेने के विरोध में 26 नवम्बर को जिले के सभी 108 धान खरीदी केंद्रों में दोपहर 12.00 से 1.00 बजे तक धान खरीदी बंद रखेगी।

हादसा : थ्रेसर में फंसी महिला की साड़ी, सिर धड़ से हुआ अलग

# थ्रेसर में धान मिंजाई के दौरान फिर एक महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में चल रही धान कटाई और मिसाई के दौरान एक बार फिर दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें धान मिसाई के दौरान थ्रेसर में फंस जाने के कारण एक ग्रामीण महिला की दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि हादसा इतना खौफनाक था कि थ्रेसर में फंसी महिला के धड़ से सिर ही अलग हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अब मामले की विवेचना की जा रही है कि आखिर यह दर्दनाक हादसा हुआ कैसे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम बरेंडा निवासी सुशीला बाई नेताम आयु 34 वर्ष अपने परिजनो के साथ खेत में ही थ्रेसर से धान मिसाई का काम कर रही थी। परिजनो के मुताबिक सुशीला थ्रेसर में धान डाल रही थी। इसी दौरान उसकी साड़ी थ्रेसर में फंस गई और सुशीला साड़ी के सहारे खिंचकर सीधे थ्रेसर के चरखे में फंस गई और चरखे से उसका सिर धड़ से अलग हो गया। चंद पल के भीतर हुए इस हादसे में महिला की दर्दनाक मौत को देखकर लोगों के पैर तले जमीन खिसक गई। बाद में जैसे तैसे थ्रेसर के चरखे में फंसी महिला के शव को बाहर निकाला गया और घटना की जानकारी रेंगाखार पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं मामले की विवेचना की जा रही है।

### शव को बाहर निकालने में करनी पड़ी मशक्कत



बताया जाता है कि थ्रेसर में साड़ी से खिंचकर फंसी महिला को बाहर निकालने में ग्रामीणों को भारी मसक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणो ने बताया कि महिला की साड़ी और स्वयं महिला थ्रेसर में बुरी तरह से फंस गई थी। जिसके चलते उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### हफ्तेभर के भीतर जिले में दूसरी घटना

यहां बताना लाजिमी होगा कि थ्रेसर से धान मिसाई के दौरान हप्तेभर के भीतर जिले में इस तरह की यह दूसरी घटना है। इससे पूर्व गत 17 नवम्बर को जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम नेउरगांव निवासी कृषक महिला सुनैना चंद्रवंशी की घर में धान मिसाई के दौरान उस समय दर्दनाक मौत हो गई थी जब वह चलते थ्रेसर के पास खड़ी थी और अचानक उसकी साड़ी थ्रेसर में फंस गई जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। एक के बाद एक सामने आ रही इन घटनाओं को देखते यही माना जा रहा है कि किसानो को और खासकर महिला किसानो को थ्रेसर से धान मिसाई के दौरान विशेष सावधान रखने की जरूरत है।

# 30 एकड़ गन्ना खेत में लगी भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले में गन्ना की फसल तैयार होने के बाद खेतों में खड़ी पकी पकाई गन्ना की फसलों में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। ताजा मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से सामने आया है। जहां किसानो के खेतों में खड़ी गन्ना की करीब तीस एकड़ फसल में आग लग गई। आग लगने का कारण अभी तक अज्ञात बना हुआ है। हालांकि गन्ना की फसल में आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों भारी मसक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है लेकिन इस अग्नि दुर्घटना में किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव निवासी गन्ना उत्पादक कृषक नर्मदा प्रसाद शर्मा, केदार शर्मा, जलेश्वर साहू सहित अन्य किसानो के करीब तीस एकड़ रकबे में लगी गन्ना की तैयार फसल में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने खेत से धुंआ और आग की लपटें उठते देख इसकी जानकारी तत्काल किसानो को दी। सूचना पाकर दौड़े-भागे किसानो ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए लेकिन गन्ना की सूखी पत्तियों में आग इतनी तेजी से फैली की उसने देखते ही देखते करीब तीस एकड़ में लगी गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। किसानो ने बताया कि इस अग्निदुर्घटना की जानकारी उन्होंने दमकल अमले को भी दी लेकिन खेत तक पहुंचने का रास्ता नहीं होने के कारण दमकल वाहन घटना स्थल तक नहीं पहुंच पाया। इस विषम स्थिति में ग्रामीण किसानो ने ही भारी मसक्कत और अपने संसाधनो से ही जैसे तैसे आग पर काबू पाया लेकिन तब तक किसानो की काफी फसल आग में बर्बाद हो चुकी थी। जिससे किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ।

# भ्रष्टाचारी प्राचार्य व अकाउंटेंट पर एफआईआर की मांग को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

- पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित शासकीय स्थानात्कोत्तर महाविद्यालय में कॉलेज प्रशासन द्वारा जनभागीदारी मद में किए गए करीब 50 लाख रूपए के भ्रष्टाचार के मामले को लेक र ए न ए स यू आ ई जिलाध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य तथा अकाउंटेंट के नाम पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किए जाने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी ने बताया की प्राचार्य पर निलंबन की कार्यवाही तो की गई है लेकिन अभी भी आरोपी अकाउंटेंट कॉलेज में कार्यरत है व दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ कर मामले में लीपापोती की जा रही है। उन्होने कहा कि इससे यह भी प्रतीत होता है की जनभागीदारी समिति व कॉलेज प्रबंधक द्वारा आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है। एनएसयूआई के पूर्व सचिव बंटी खान ने बताया कि कवर्धा जिले के सबसे बड़े कॉलेज में भ्रष्टाचारियों को पनाह दिया जा रहा है आगे कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में कलेक्टर ऑफिस वह उपमुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। साथ ही महाविद्यालय के ग्राउंड के चारों कोनो मे हाई मास्क लाइट लगवाए जाने व पुलिस द्वारा रात के समय सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष आकाश के स र वा नी , एनएसयूआई शहर अध्यक्ष मेहुल सत्यवंशी, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश साहू, जिला सचिव प्रमोद केशरी, पिपरिया नगर अध्यक्ष ऋषभ वैष्णव, मीडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी, मंत्री साहू, सोनू झारिया, राजाराम जायसवाल, राहुल चंद्रवंशी, राहुल साहू, पेखन साहू, रामेश्वर धुर्वे, किरण साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अनुशासनहीनता और सोशल मीडिया के अनुचित उपयोग पर आरक्षक निलंबित

- पुलिस अधीक्षक ने मामले में की आरक्षक के विरूद्ध कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने पिपरिया थाना में पदस्थ एक आरक्षक को निलंबित किया है। निलंबन अवधि के दौरान आरक्षक का मुख्यालय आरक्षी केन्द्र कवर्धा निर्धारित किया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी पिपरिया द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि आरक्षक अशोक चंद्रवंशी द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट किए गए, जिनसे समाज में वैमनस्यता और तनाव उत्पन्न हो सकता था। पुलिस मुख्यालय द्वारा सोशल मीडिया उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका उल्लंघन करते हुए आरक्षक ने विभागीय मर्यादाओं और निर्देशों की अवहेलना की। जिस पर पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेंद्र सिंह (IPS) ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरक्षक अशोक चंद्रवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जांच के उपरांत कदाचार में दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया है कि वे सोशल मीडिया का उपयोग करते समय विभागीय नियमों का कड़ाई से पालन करें और अपने आचरण से समाज में पुलिस विभाग की छवि को मजबूत करें। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासनहीनता या कर्तव्य के प्रति लापरवाही के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। यह कार्रवाई पुलिस विभाग के अनुशासन और मर्यादा को बनाए रखने की दिशा में एक कड़ा संदेश है और यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी कर्मचारी द्वारा विभागीय गरिमा का हनन न हो।

# छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने शिक्षकों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

प्रदेश में शिक्षकों के चार प्रमुख संगठन ने शिक्षक हित में एक मंच पर आकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया है, जिसके द्वारा रणनीति तय कर शिक्षकों के पांच सूत्रीय मांगों को पूर्ण कराने के लिए सतत कार्य किया जा रहा है।





प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तर में मांगों का ज्ञापन सौंपने के बाद 12 से 24 नवम्बर तक मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, जिला, जनपद व ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को मांग पत्र देने का कार्यक्रम निर्धारित है। इसी तारतम्य में जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत महराजपुर के शिक्षकों ने शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लॉक संचालक व शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर के प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल के नेतृत्व में सरपंच मोहन राडेकर को ज्ञापन सौंपकर विस्तार से चर्चा किया। चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि मोदी के गारंटी के तहत एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक में वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा की गणना कर 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पुरानी पेंशन देने, उच्च न्यायालय के डबल बैंच के निर्णय के अनुसार सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश जारी करने और कर्मचारियों के एक जुलाई 2024 से लंबित तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देकर जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर्स राशि का समायोजन भविष्य निधि खाता में करने की मांग शामिल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। सरपंच ने शिक्षकों के मांगों को जायज करार देते हुए शीघ्र ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखने आश्वस्त किया है। इस दौरान प्रमुख रूप से मोर्चा के ब्लॉक संचालक गोकुल जायसवाल, मीरा देवांगन, नम्रता श्रीवास्तव, रामाधार साहू, पुलक राम साहू, अनिल चन्द्र वंशी, नीलिमा सिरदार, मंजू शर्मा, रमा साहू, शालू चन्द्रवंशी सहित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर के शिक्षक उपस्थित थे।

एनसीसी दिवस पर पीजी कालेज आडिटोरियम में संयुक्त समारोह का आयोजन

# वर्दी अनुशासन का पर्याय व जीवन की सफलता का प्रथम सोपानः एएसपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासित रहकर ही सफलता मिलेगी, जिसकी शिक्षा युवावस्था में एनसीसी देती है। वर्दी अनुशासन का पर्याय है। सैन्य जीवन विषम परिस्थितियों से भरा होता है, अतः उन्हे प्रशिक्षण भी कठोर दिया जाता है। उक्त उद्गार जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल ने शासकीय पीजी कालेज आडिटोरियम में आयोजित संयुक्त एनसीसी दिवस समारोह में व्यक्त किये। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा, शासकीय कृषि महाविद्यालय कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला की एनसीसी इकाइयों के द्वारा कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित संयुक्त समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने एनसीसी ध्वजारोहण किया। सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात परेड कमांडर सीनियर अंडर ऑफिसर पुनेश धुर्वे ने मुख्य अतिथि को रिपोर्ट किया और मुख्य अतिथि अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल ने परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात प्लाटून कमांडरों जूनियर अंडर ऑफिसर पारस,अदिति मिश्रा सार्जेंट अविनाश सिंह,सार्जेंट रंजीता नारंग, सार्जेंट दीपांशु कश्यप,सार्जेंट कल्याणी साहू ,सार्जेंट दुर्गेश साहू के नेतृत्व में छह प्लाटूनों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत करते हुए उन्हें सलामी दी। मुख्य अतिथि ने एनसीसी दिवस पर समस्त कैडेट्स को शपथ ग्रहण कराया। समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ऋचा मिश्रा और खैरबना विद्यालय के प्राचार्य नारायण प्रसाद तिवारी ने कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। एनसीसी इकाइयों के संयुक्त प्रतिवेदन का पठन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला से कामनी एवं साथियों ने बारहमासी नृत्य प्रस्तुत किया एवं स्वामी करपात्री जी विद्यालय कवर्धा से और साथियों ने छत्तीसगढ़ी गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी। एग्रीकचर और पीजी कॉलेज के कैडेट्स ने भी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, एन सी सी रन में जूनियर विंग से परमेश्वरी साहू ने प्रथम पीकेश्वरी साहू द्वितीय ,खुशबू तृतीय स्थान पर रहे इसी प्रकार जूनियर डिविजन से दुर्गेश साहू,राहुल,टीकाराम साहू क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पर रहे सीनियर विंग से सतवंतिन, काजल, मनीषा एवं सीनियर डिविजन से पिंटू एवं कृष्णा प्रथम एवं द्वितीय रहे। इस अवसर पर परेड के कमांडर्स के साथ ही एनसीसी दौड़ में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया।

## दिल्ली से दमगढ़ पहुंची टीम.....



**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम दमगढ़ में सोमवार को दिल्ली के नेशनल चैनल दूरदर्शन के अधिकारी पहुंचे। दिल्ली से दमगढ़ पहुंची दूरदर्शन की टीम ने यहां नर्तक दल द्वारा बैगा संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले कर्मा नृत्य रीना फाग नृत्य की रिकार्डिंग की। वहीं उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित धनीराम कड़मिया ने बैगा संस्कृति की विस्तृत जानकारी टीम को दी। इस अवसर पर नर्तक दल में उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित धनीराम कड़मिया, परसराम, संतराम, हरेसिंह, धीराराम, संजय कुमार, रामकुमार, युवराज, देवराज, पंचराम, भारत, अमरौतिन बाई, शिवानी, शशिलता, ममता, सविता, भागवती, मोनिका सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।